Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818


वर्ष-2 | अंक-198 | सागवाड़ा, सोमवार,20 मार्च, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## सागवाडा में विप्र महाकुंभ 26 मार्च को, मेवाड़ और वागड़ के गाँव गाँव से जुटेंगे ब्राह्मण

### वागड़ में पहली बार ब्राह्मणों का महाआयोजन, 11 ज़िलों से 25 हज़ार ब्राह्मणों के आने की संभावना











**सागवाडा।** विप्र फाउण्डेशन और सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में सागवाडा में विप्र महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इस विप्र महाकुंभ की तैयारी को लेकर मेवाड़ और वागड़ के गांव गांव में तैयारियां की जा रही है। मावली विधानसभा के विधायक धर्मनारायण जोशी, केके शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रकाशचंद्र व्यास, कार्यक्रम के संयोजक भूपेंद्र पंड्या, बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष योगेश जोशी सहित विप्र फ़ाउंडेशन के कई पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

गलियाकोट मार्ग स्थित कालेज मैदान सामाजिक समरसता के भाव को लेकर 26 मार्च को विप्र महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में वागड़ और मेवाडा क्षेत्र के 11 ज़िलों से 25 हज़ार ब्राह्मणों के आने की संभावना बतायी जा रही है।

उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद सहित आस पास के विभिन्न ज़िलों से आए लोग एकत्रित होंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक भुपेंद्र पंड्या ने बताया कि कार्यक्रम मेवाडा वागड़ के संतों के अलावा विभिन्न समाजों प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया जाएगा।



## जयेश पंवार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष निर्वाचित, सर्वसम्मति से हुआ निर्वाचन



**डूंगरपुर।** जिला पत्रकार संघ डूंगरपुर के अध्यक्ष पद की निर्वाचन प्रक्रिया रविवार को निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कसारा तथा सह निर्वाचन अधिकारी अखिलेश शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुई, जिसमें युवा पत्रकार जयेश पंवार को सर्वसम्मति से जिला पत्रकार संघ डूंगरपुर का नया अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु पूर्व में घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत जिला पत्रकार संघ के कार्यालय में आज सुबह 10ः00 बजे निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कसारा एवं अखिलेश शर्मा द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया आरंभ की गई। इस दौरान उपस्थित संघ के सभी पंजीकृत सदस्यों ने सर्वसम्मति से जयेश पंवार को जिला पत्रकार संघ का अध्यक्ष चुना। इसके पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा जयेश पंवार को जिला पत्रकार संघ का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन की घोषणा के तुरंत बाद निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कसारा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयेश पंवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जयेश कुमार के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की घोषणा के साथ ही वहां मौजूद पत्रकारों ने उपरणा व फूल मालाओं से उनका स्वागत किया और बधाइयां दी।

### पत्रकारिता के उच्चतम आदर्शों व पत्रकार हितों की रक्षा का लिया संकल्प

जिला पत्रकार संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयेश पंवार ने निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपादित किए जाने के लिए निर्वाचन अधिकारी टीम तथा निर्वाचन में सर्वसम्मति के लिए जिला पत्रकार संघ के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि जिला पत्रकार संघ के सदस्यों ने जो विश्वास उनमें व्यक्त किया है उस विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास रहेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयेश पंवार ने अपने अध्यक्षीय दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए पत्रकारिता के उच्चतम आदर्शों को कायम रखने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा का भी संकल्प व्यक्त किया।

**ये रहे उपस्थित**– निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान वरिष्ठ संपादक महेश गर्ग, चंद्रकांत भट्ट, ऋषभ जैन, दीपक शर्मा, चिंतन जोशी, मिलन शर्मा, सुखदेव यादव, परवेश जैन, मयंक चौबीसा, महेश्वर चौबीसा, हरमेश टेलर, सुधीर भावसार, सुधीर जैन, प्रियंक भट्ट, विपिन वर्मा, नितेश गर्ग, सिद्धार्थ शाह, तनुज शर्मा, विश्वजीत गोले, जयेश पंवार, पुनीत चतुर्वेदी, महावीर जैन, पवन जैन आदि उपस्थित रहे। सह निर्वाचन अधिकारी अखिलेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## डूंगरपुर में क्रिकेट का रोमांच, लक्ष्मण मैदान में शुरू हुई डे नाइट डीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता

**डूंगरपूर।** जिले में जिला क्रिकेट संघ की ओर से आज से क्रिकेट का रोमांच शुरू हो गया है। शहर के लक्ष्मण मैदान में 8 दिवसीय डूंगरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। आरसीए के जॉइंट सेकेट्री राजेश भड़ाना, जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष गौरव वल्लभ ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में जिले की 8 टीम भाग ले रही है। वही प्रतियोगिता में प्रतिदिन डे व नाइट मुकाबले होंगे। डूंगरपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुशील जैन ने बताया कि डूंगरपुर जिले में डीसीए की ओर से पहली बार डूंगरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत लक्ष्मण मैदान में आरसीए के जॉइंट सेकेट्री राजेश भड़ाना, जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष गौरव वल्लभ ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ, पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद, बांसवाड़ा क्रिकेट संघ सचिव मनीष देव सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने टीमो के खिलाड़ियों से मुलाकात करते हुए प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गौरव वल्लभ ने कहा कि क्रिकेट कोई खेल नही है बल्कि क्रिकेट एक कनेक्टिविटी फोर्स है। क्रिकेट सभी को जोड़ने का काम करता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वे आश्वस्त करते है कि आने वाले समय मे डूंगरपुर से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ी निकलेंगे। इस मौके पर डीसीए के सचिव सुशील जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की आठ टीम भाग ले रही है। जिसमे डूंगरपूर वारियर्स, साबला ब्लास्टर्स, सीमलवाड़ा स्ट्राइकर्स, गलियाकोट जाइंट्स, चिखली क्रेकर्स, सागवाडा गोल्डन, बिछीवाड़ा बुल्स और आसपूर टाइगर्स शामिल है। इधर प्रतियोगिता के लिए पहला मैच डूंगरपुर वारियर्स व साबला ब्लास्टर्स के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में 20-20 ओवर के मैच खेले जाएंगे, वही प्रतियोगिता का समापन 26 मार्च को होगा। प्रतियोगिता के समापन समारोह में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी व आरसीए के अध्यक्ष वैभव गहलोत शामिल होंगे।

## हिन्दू नववर्ष मनाने और शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर जारी



### स्वागत समिति के पदाधिकारी ले रहे समाजों की बैठक, शोभायात्रा 23 मार्च को निकलेगी

**सागवाड़ा।** हिन्दू नववर्ष को लेकर बुधवार को नववर्ष मनाने तथा गुरुवार को भव्य शोभायात्रा को लेकर नववर्ष स्वागत समिति के पदाधिकारी विभिन्न समाजों की बैठक कर रहे हैं। समिति के संरक्षक उमाकांत व्यास, अध्यक्ष जयंतीलाल मोची के मार्गदर्शन में विभिन्न सामजों के साथ बैठक की जा रही हैं। उप संयोजक श्याम भट्ट ने बताया कि समिति की ओर से विभिन्न समाजों की बैठके प्रतिदिन ली जा रही है।

नववर्ष के दिन घरों में डेकोरेशन कराने, रंगोली सजाने एवं घी और तेल के दीपक जलाकर मंदिरों पर घंटी, ढोल नगाड़ों, थाली एवं शंख से शंखनाद करते हुए नववर्ष का स्वागत करने की बात कही। नेमा समाज के अध्यक्ष रामकृष्ण वाडेल ने समिति को तन, मन, धन एवं सेवा के माध्यम से समाज की पूर्ण भागीदारी निभाने आश्वस्त किया। शोभायात्रा के दिन मांडवी चौक पर समाज की ओर से शीतल पेय (शर्बत) पिलाने की घोषणा की।











आपका टीवी मनोरंजन.. हमारी जिम्मेदारी

- डिश सेट करना
- डिश रिचार्ज करना
- नई डिश लगवाना
- पैकेज की जानकारी लेना

डिश टीवी के सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए संपर्क करे

आदित्य & कंपनी- सचिन परमार, मो. 7340191819


## डूंगरपुर-बांसवाड़ा से के 490 समेत 1149 तीर्थयात्री जाएंगे

### डूंगरपुर से रामेश्वरम के लिए तीर्थयात्रियों की पहली ट्रेन रवाना हुई

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर से रामेश्वरम तीर्थयात्रियों की पहली ट्रेन आज रविवार को डूंगरपुर स्टेशन से रवाना हो गई। इसमें डूंगरपुर -बांसवाड़ा के 490 तीर्थ यात्री है। तीर्थयात्रियों को प्रशासनिक अफसरों और जनप्रतिनियो ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। डूंगरपुर स्टेशन से पहली तीर्थयात्रा ट्रेन की रवानगी के लिए सुबह से डूंगरपुर और बांसवाडा जिलों के यात्रियों का पहुंचना शुरू हो गया। तीर्थ यात्रियों ने रेलवे स्टेशन पर अपने नाम और ट्रेन का कंफर्मशन लिया। तीर्थयात्रियों की रवानगी से पहले उनके विदाई कार्यक्रम हुआ। खेरवाड़ा विधायक दयाराम परमार, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री, एडीएम हेमेंद्र नागर ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी। दयाराम परमार ने कहा की राज्य सरकार ने बुजुर्ग लोगो को माता पिता की तरह मानते हुए उन्हें तीर्थ यात्रा करवाने की ठानी है। ये पहला मौका है जब तीर्थ यात्रियों की ट्रेन डूंगरपुर से जा रही है। कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री ने कहा की डूंगरपुर और बांसवाडा से 490 तीर्थ यात्री जा रहे है। उदयपुर जिले से 659 तीर्थ यात्री इसमें और बैठेंगे। इस तरह 1149 यात्रियों की ट्रेन रामेश्वरम की यात्रा करवाएंगी। ये ट्रेन 26 मार्च को वापस आयेगी। इसके बाद सभी यात्रियों को ट्रेन के लिए रवाना किया। ट्रेन में सभी अतिथियों ने गणपति पूजन किया और रिबन काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया गया।